**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 581**

दिनांक 06.12.2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

एनएचडीपी और कच्ची सामग्री आपूर्ति योजना

581. सुश्री एस. जोतिमणिः

क्या **वस्त्र** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम और कच्ची सामग्री आपूर्ति योजना के अंतर्गत देश में विशेषकर तमिलनाडु राज्य में कितने संकुल स्वीकृत किए गए हैं;

(ख) देश में विशेषकर तमिलनाडु राज्य में, विशेषकर करूर निर्वाचन क्षेत्र में कितने बुनकरों को कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान किया गया है;

(ग) देश में विशेषकर तमिलनाडु (करूर निर्वाचन क्षेत्र) में कितने बुनकरों को इस योजना के अंतर्गत उन्नत करघे/सहायक उपकरण, प्रकाश इकाइयां और व्यक्तिगत कार्य शेड उपलब्ध कराए गए हैं;

(घ) विशेष रूप से तमिलनाडु राज्य और करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए 2019 से लेकर अब तक रियायती ऋण/बुनकर मुद्रा योजना के अंतर्गत स्वीकृत ऋणों की संख्या के राज्य-वार आंकड़े क्या हैं; और

(ङ) विशेषकर तमिलनाडु राज्य और करूर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए कच्ची सामग्री आपूर्ति योजना के अंतर्गत हथकरघा बुनकरों/सोसाइटियों को प्रदान किए गए धागे का राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**वस्त्र राज्य मंत्री**

**(श्रीमती दर्शना जरदोश)**

(क) वस्त्र मंत्रालय तमिलनाडु सहित पूरे देश में हथकरघा क्षेत्र को बढ़ावा देने और हथकरघा कामगारों के कल्याण के लिए निम्नलिखित योजनाएं कार्यान्वित कर रहा है:

1. राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (एनएचडीपी)
2. कच्चा माल आपूर्ति योजना

उपर्युक्त योजनाओं के तहत, कच्चे माल, उन्नत करघे और सहायक उपकरण की खरीद, सोलर लाइटिंग यूनिट्स, वर्कशेड के निर्माण, उत्पाद तथा डिजाइन विकास, तकनीकी और सामान्य बुनियादी ढांचे, घरेलू/विदेशी बाज़ार में हथकरघा उत्पादों की मार्केटिंग, बुनकर मुद्रा योजना के तहत रियायती ऋण और सामाजिक सुरक्षा आदि जैसे विभिन्न अंतःक्षेपों के लिए राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों की सरकारों से पूर्ण प्रस्ताव प्राप्त होने पर पात्र हथकरघा एजेंसियों/कामगारों को आवश्यकता आधारित वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

2015-16 से 2023-24 (31.10.2023 तक) तक, तमिलनाडु राज्य के 76 क्लस्टरों सहित देश भर में 687 हथकरघा क्लस्टरों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है।

(ख) और (ग) वर्ष 2015-16 से 2023-24 (31.10.2023 तक) तक तमिलनाडु राज्य और करूर जिले सहित देश भर में कौशल उन्नयन प्रशिक्षण, उन्नत करघे/सहायक उपकरण, लाइटिंग यूनिट्स और व्यक्तिगत वर्कशेड प्राप्त करने वाले हथकरघा कामगारों की संख्या का ब्यौरा इस प्रकार है:

| अंतःक्षेप | लाभान्वित बुनकर | | |
|---|---|---|---|
| | समग्र भारत | तमिलनाडु | करूर |
| कौशल उन्नयन प्रशिक्षण | 78726 | 5958 | 140 |
| उन्नत करघे तथा सहायक उपकरण | 66874 | 17515 | 1025 |
| लाइटिंग यूनिट्स | 7199 | 719 | 25 |
| वर्कशेड | 4881 | 844 | 74 |

(घ) और (ङ) 2019-20 से 2023-24 (31.10.2023 तक) तक तमिलनाडु सहित पूरे देश में रियायती ऋण/बुनकर मुद्रा योजना के तहत स्वीकृत ऋणों की राज्य-वार संख्या और 2020-21 से 2023-24 (31.10.2023 तक) तक कच्चा माल आपूर्ति योजना के तहत हथकरघा बुनकरों/सोसायटियों को आपूर्ति किए गए यार्न की मात्रा अनुबंध-क में दिया गया है। इसके अलावा, उपर्युक्त अवधि के दौरान 710 ऋण स्वीकृत किए गए और करूर जिले में 14.95 लाख किलोग्राम यार्न की आपूर्ति भी की गई।

**अनुबंध-क**

| दिनांक 06.12.2023 को लोकसभा में उत्तर के लिए नियत अतारांकित प्रश्न संख्या 581 के भाग (घ) और (ङ) के उत्तर में उल्लिखित विवरण | | | |
|---|---|---|---|
| **2019-20 से 2023-24 (31.10.2023 तक) तक रियायती ऋण/बुनकर मुद्रा योजना के तहत स्वीकृत ऋण की राज्य-वार संख्या और 2020-21 से 2023-24 (31.10.2023 तक) कच्चा माल आपूर्ति योजना के तहत आपूर्ति किए गए यार्न की मात्रा** | | | |
| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य-क्षेत्र | 2019-20 से 2023-24 (31.10.2023 तक) स्वीकृत ऋणों की संख्या | 2020-21 से 2023-24 तक (31.10.2023 तक) आपूर्ति किये गये यार्न की मात्रा (लाख किग्रा में) |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 13,582 | 22.02 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 39 | 0.10 |
| 3 | असम | 205 | 4.72 |
| 4 | बिहार | 106 | 0.61 |
| 5 | छत्तीसगढ | 43 | 82.56 |
| 6 | गोवा | 1 | - |
| 7 | गुजरात | 38 | 1.64 |
| 8 | हरियाणा | - | 173.61 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 12 | 2.74 |
| 10 | जम्मू एवं कश्मीर | 2,889 | 0.29 |
| 11 | झारखंड | - | 1.60 |
| 12 | कर्नाटक | 420 | 12.11 |
| 13 | केरल | 1,149 | 193.03 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 136 | 6.03 |
| 15 | महाराष्ट्र | - | 0.74 |
| 16 | मणिपुर | 66 | 4.82 |
| 17 | मेघालय | - | 0.19 |
| 18 | मिजोरम | - | 1.22 |
| 19 | नागालैंड | - | 0.06 |
| 20 | ओडिशा | 253 | 12.27 |
| 21 | पुद्दुचेरी | - | 0.25 |
| 22 | पंजाब | 3 | - |
| 23 | राजस्थान | 4 | 1.08 |
| 24 | सिक्किम | - | 0.04 |
| 25 | तमिलनाडु | 29,448 | 362.50 |
| 26 | तेलंगाना | 2,533 | 25.41 |
| 27 | त्रिपुरा | - | 2.44 |
| 28 | उत्तर प्रदेश | 285 | 2.13 |
| 29 | उत्तराखंड | 1 | - |
| 30 | पश्चिम बंगाल | 60 | 22.30 |
| | **कुल** | **51,273** | **936.48** |

****